राजकीय आई0टी0आई0 में प्रवेश राजकीय आई0टी0आई0 में प्रवेश राजकीय आई0टी0आई0 में प्रवेश

# कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग (प्रशिक्षण प्रखण्ड), उत्तराखण्ड के अन्तर्गत आईटीआई (NCVET) प्रवेश सत्र 2025–26 सम्बन्धी सूचना

आईटीआई (एनसीवीईटी) में प्रवेश हेतु प्रथम चरण की काउन्सिलिंग का परिणाम घोषित कर प्रवेश हेतु अर्ह अभ्यर्थियों को औपबंधिक आबंटन पत्र (Allotment Letter) जारी कर दिये गये है, जिसके अन्तर्गत अभ्यर्थियों को दिनांक 11.08.20258 तक आवटिंत आई0टी0आई में उपस्थित हो कर प्रवेश लिया जाना निर्धारित किया गया था। **प्रदेश व्याप्त भारी वर्षा के दृष्टिगत एवं अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु संस्थान स्तर पर प्रवेश लेने की अन्तिम तिथि को दिनांक 13.08.2025 तक विस्तारित किया जाता है।**

चयनित अभ्यर्थी औपबंधिक आबंटित आईटीआई में दिनांक 13.08.2025 सांय 05 बजे तक उपस्थित होकर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करें।

प्रशिक्षार्थी द्वारा निम्न अभिलेख/शुल्क प्रवेश हेतु जमा किये जायेगें।

क) समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियों
ख) समस्त प्रमाण पत्रों की एक स्वप्रमाणित प्रति
ग) चिकित्सा/चरित्र प्रमाण पत्र मूल रूप में
घ) दो फोटोग्राफ
च) आवंटन पत्र मूल रूप में
छ) राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण एवं अन्य शुल्क।

यदि अभ्यर्थी द्वारा निर्धारित समय के भीतर संस्थान में प्रवेश नहीं लिया जाता है, तो औपबंधिक आबंटन निरस्त कर उक्त सीट खाली मानते हुये अग्रिम चरण हेतु अग्रेनित कर दी जायेगी।

विस्तृत जानकारी के लिए आज ही अपने निकटवर्ती राजकीय आईटीआई में सपर्क करें या 7302663922 पर कॉल करें अथवा विजिट करे– www.vpputtarakhand.in

निदेशक